कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
व्यवस्थापन 'क'
लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड, देहरादून
Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand
Phone & Fax:- 0135-2530467,2530431 Web- https://pwd.uk.gov.in/ E-Mail-estapwd@gmail.com

पत्रांक:- 03 / 140व्यक–सा0 / 23 दिनांक 01 / 01 / 2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता,
क्षेत्रीय कार्यालय / रा0मा0
ए0डी0बी0 / विश्व बैंक / पी0एम0जी0एस0वाई0,
लोक निर्माण विभाग,
अल्मोड़ा / हल्द्वानी / पौड़ी / देहरादून।

विषयः– श्रेणी 'क' व 'ख' के अधिकारियों के अचल सम्पत्ति विवरण प्रपत्र उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

सदर्भः– इस कार्यालय के पत्र संख्या–191 / 140व्यक–सा0 / 24, दिनांक–07.02.2025 एवं 1441 / 140व्यक–सा0 / 23, दिनांक–12.11.2025।

कृपया उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। पत्र में शासनादेश सं0–408 / नि0 / प्र0स0का0 / 2014, दिनांक–21.08.2014 में निहित प्राविधानानुसार प्रत्येक अधिकारी / कर्मचारी को अपनी सम्पत्ति का प्रतिवर्ष 31, जुलाई की स्थिति के अनुसार विवरण 31, अगस्त तक अपने नियुक्ति प्राधिकारी को अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रपत्र पर उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है, परन्तु आपके अधीनस्थ कतिपय अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा अतिथि तक अपनी अचल सम्पत्ति का विवरण निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

शासकीय पत्र संख्या–354156, दिनांक–18.12.2025 द्वारा भी इस सम्बन्ध मे निर्देशित किया गया है (**प्रति संलग्न**)। चूंकि आपके अधीनस्थ कतिपय अधिकारियों / कर्मचारियों के अचल सम्पत्ति विवरण की सूचना अतिथि तक अप्राप्त है, जिस कारण अचल सम्पत्ति विवरण शासन को प्रेषित नही किये जा सके हैं।

अतः सन्दर्भित पत्रों के क्रम में पुनः स्मरण कराते हुये उक्त वर्णित शासनादेश दिनांक–25.08.2014 में निहित प्राविधानानुसार अपने अधीनस्थ सभी कार्यालयों में तैनात श्रेणी 'क' व 'ख' के अधिकारियों के स्वयं द्वारा भरे गये अचल सम्पत्ति विवरण प्रपत्र तथा शासन स्तर / उच्च स्तर से प्राप्त अनुमति की आख्या यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का सुनिश्चित करें, ताकि तदनुसार आख्या शासन को प्रेषित की जा सके।

(इं0 सजेश चन्द्र) VD
प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
01/01/26

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता (अधिष्ठान / नियोजन), विभागाध्यक्ष कार्यालय,लो0नि0वि0, देहरादून।
2. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड।
3. समस्त अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड।
4. अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून को विभागीय वेबसाइट में प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।
5. समस्त सहायक अभियन्ता, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून।
6. समस्त मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून को उक्त वर्णित शासनादेश के अनुसार समूह 'ग' के समस्त कार्मिकों के सम्बन्ध में सम्बन्धित वर्ग से आवश्यक कार्यवाही कराये जाने हेतु प्रेषित है।
7. गार्ड पत्रावली।

प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष